परवलिया सड़क क्षेत्र में हुए कत्ल का पर्दाफाश, पत्नी सहित तीन गिरफ्तार, एक फरार

सिर पर रॉड मारकर की थी पति की हत्या, झाड़ियों में फेंक दिया था शव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर में बगोनिया के जंगल की झाड़ियों में 35 वर्षीय रमेश बंजारा का खून से लथपथ शव मिला था। हत्या के इस मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है।

रमेश को उसकी पत्नी ने सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद अपने भाई की मदद से शव को जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया था। इस मामले में साक्ष्य छिपाने के आरोप में खेत मालिक को भी आरोपी बनाया गया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार एक युवक की तलाश की जा रही है।

एसपी (देहात) पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि चांदपुर, जिला रायसेन निवासी रमेश बंजारा कुआं खोदने का काम करता था। वर्तमान में वह परिवार के लोगों के साथ ग्राम चंदेरी में भारतसिंह अहिरवार उर्फ कक्कू के खेत में कुआं खोद रहा था। रमेश का आए दिन पत्नी मीना से विवाद होता था। जिसके







चलते वह उसके साथ मारपीट कर देता था। 21 नवंबर की रात में भी विवाद के बाद रमेश निर्माणाधीन कुएं की मुंडेर पर बैठकर शराब पी रहा था। इस बीच परिवार के लोगों ने मीना से पति को खाना खाने के लिए बुलाकर लाने को बोला। मीना वहां पहुंची, तो रमेश ने गाली गलौज करते हुए उसे पत्थर फेंककर मार दिया। इससे गुस्साई मीना ने पास ही पड़ी लोहे की रॉड से पति पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस बीच गंभीर रूप से घायल रमेश संतुलन बिगड़ने से कुएं में गिर गया। घटना का पता चलने पर मीना का भाई लक्ष्मण और भतीजा जगदीश कुएं के पास पहुंचे। टार्च की रोशनी में देखा, तो रमेश की मौत हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने किसी तरह रमेश का शव कुएं से बाहर निकाला और बाइक की मदद से कच्चे रास्ते से लगभग छह किलोमीटर दूर बगोनिया के जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया था।

हत्या की जानकारी होने के बाद भी खेत मालिक ने पुलिस को नहीं बताया

परवलिया सड़क थाना प्रभारी एचएस वर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर में लगभग 12 बजे युवक का शव बरामद हुआ था। क्षेत्र में कुआं खोदने का पूर्व में काम करने के कारण उसकी पहचान जल्द ही रमेश बंजारा के रूप में हो गई थी। साथ ही पता चला कि वह पास के चंदेरी गांव में परिवार के लोगों के साथ कुआं खोदने का काम कर रहा था। पुलिस ने जब पत्नी मीना से पूछताछ की तो उसने बताया कि रमेश 21 नवंबर को रायसेन जाने का कहकर निकला था। फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने संदेह के आधार पर जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। खेत मालिक ने भी घटना की जानकारी होने के बाद भी पुलिस को सूचना नहीं दी। इस वजह से पुलिस ने आरोपी मीना बंजारा, लक्ष्मण बंजारा और खेत मालिक कक्कू को गिरफ्तार कर लिया है। फरार जगदीश की तलाश की जा रही है।

युवक की नृशंस हत्या, चाकू से गोदा फिर पत्थर से सिर कुचला



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः छोला मंदिर थाना इलाके के मालीखेड़ी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। बदमाशों ने पहले उसके शरीर पर चाकू के कई वार किए थे। उसके बाद भारी पत्थर से उसका सिर बुरी तरह कुचल दिया था।

मृतक के खिलाफ भी हत्या सहित कुछ अपराध पहले से दर्ज हैं। इस मामले में पुलिस कुछ संदेहियों से पूछताछ कर रही है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह मालीखेड़ी में कान्वेंट स्कूल के पास कालोनी की प्लाटिंग वाले खाली मैदान में खून से लथपथ शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान नवजीवन कॉलोनी निवासी



21 वर्षीय अनुज अन्नू पुत्र वीरसिंह श्रीवास के रूप में हुई। वह लोडिंग वाहन में हेल्पर का काम करता था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि मंगलवार सुबह अनुज दतिया से भोपाल लौटा था। शाम सात बजे वह मोहल्ले में काली मां के मंदिर के पास मौजूद था, तभी स्कूटर से वहां पहुंचे उसके दो दोस्त उसे अपने साथ बिठा कर ले गए थे। इस बात का चश्मदीद पुलिस को मिल गया है। रात में तीनों भानपुर में रहने वाली एक महिला के घर पहुंचे थे। वहां से देर रात तीनों मालीखेड़ी पहुंचे। उसके बाद ही अनुज की हत्या कर दी गई। अनुज के खिलाफ हत्या, चोरी, अवैध शराब बेचने के अपराध पूर्व से दर्ज हैं। पुलिस को आशंका है कि किसी वारदात में पुरानी रंजिश या फिर बड़े लेन देन को लेकर अनुज की हत्या की गई है। पुलिस इस मामले में क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज से भी पुख्ता साक्ष्य जुटाने में लगी है। हत्या के इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए विशेष पुलिस टीम अलग-अलग संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने की कोशिश में बैंक खाते से गंवा दिए एक लाख

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः साइबर ठग अब लोगों की ऑनलाइन सेवा के जरूरत को ही ठगी का हथियार बना रहे हैं। डॉक्टर का अपॉइंटमेंट दिलाने के नाम पर मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड कराई जा रही है तो कहीं बैंक का एप चालू कराने में मदद के बहाने खातों से रकम उड़ाई जा रही है।

भोपाल में ऐसे ही दो मामले सामने आए हैं। एक व्यक्ति के खाते से करीब एक लाख रुपये और दूसरे मामले में ज्वेलर्स के खाते से 99 हजार 70 रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने धोखाधड़ी के केस दर्ज किए हैं।

अशोकागार्डन थाना पुलिस के मुताबिक न्यू अशोका गार्डन निवासी नीलेश चौकसे ने डॉक्टर का ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल पर नंबर सर्च किया था। कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर एपीके फाइल भेजी, जिसे उन्होंने डाउनलोड कर लिया। बाद में अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि वहां ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा ही नहीं है। उन्होंने नंबर और चैट डिलीट कर दी, लेकिन 18 से 23 नवंबर के बीच उनके सेंट्रल बैंक के खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 1,00,010 रुपये 71 पैसे निकल गए। पीड़ित की शिकायत पर अशोका गार्डन पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

योनो एप डाउनलोड कराने के बहाने ज्वेलर्स से 99 हजार ठगे

कोतवाली काजीपुरा स्थित अंबिका गोल्ड हाउस के संचालक 71 वर्षीय ठाकुरदास वालेचा का एसबीआई योनो एप बंद हो गया था। 23 नवंबर को वह दुकान पर बैठकर एप डाउनलोड कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति का फोन आया। उसने मदद करने के बहाने मोबाइल पर फाइल भेजी और उसके कहने पर बुजुर्ग से यूपीआई संबंधी जानकारी भरवाई। आरोपी ने उनसे यूपीआई पिन भी डलवा लिया। कुछ देर बाद खाते से 99 हजार 70 रुपये निकलने का मैसेज आया। ठगी का पता चलते ही उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

हाथ पकड़ने के मामले में एक साल की सश्रम जेल

भोपाल कोर्ट ने धारा 354 के तहत सुनाई सजा, 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला को बुरी नियत से हाथ पकड़ने के मामले में भोपाल न्यायालय ने आरोपी रवि सूर्यवंशी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह निर्णय 25 नवंबर 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती आरती आदित्य बांदिल ने सुनाया। अभियोजन के अनुसार, घटना 22 मई 2018 की रात रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मकांटा की है। यहां फरियादी अपने पति के साथ चौकीदारी का काम करती थी। रात में वाशरूम जाने के दौरान आरोपी ने महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला के चिल्लाने पर उसका पति मौके पर पहुंचा। आरोपी वहां से भागते हुए दोनों को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे गया। पुलिस ने मामले में धारा 354 और 506 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती शारदा शाक्या ने पैरवी की। न्यायालय ने साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर आरोपी को धारा 354 भादवि में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

आठ वर्ष की बालिका से छेड़छाड़, रिश्तेदार गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः *रोजगार की तलाश में शहर आए दूर के रिश्तेदार को घर में पनाह देना एक महिला को महंगा साबित हुआ। महिला के काम पर जाते ही वह उसकी आठ वर्ष की बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगता था।*

बालिका के बयान के आधार पर पुलिस ने छेड़छाड़, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांधी नगर थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 35 वर्षीय महिला निजी काम करके परिवार का गुजारा करती है। जब वह ड्यूटी पर जाती थी, तो घर में उसकी आठ वर्ष की बेटी अकेली रहती थी। कुछ दिनों पहले उसके गांव का रहने वाला दूर का रिश्तेदार युवक रोजगार की तलाश में भोपाल आया था। महिला ने मदद करने के बहाने उसे घर में रहने की जगह दे दी थी। कुछ दिन बाद उसकी नीयत महिला की बेटी पर खराब होने लगी। 20 नवंबर की दोपहर में युवक ने बालिका के साथ अश्लील हरकत कर दी। उसके बाद वह अक्सर मौका मिलते ही बालिका से छेड़छाड़ करने लगा। मंगलवार रात को बालिका ने घटना के बारे में अपनी मां को सब कुछ बता दिया। महिला बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मेट्रो प्रोजेक्ट में लगी क्रेन ने युवक को कुचला

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः निशातपुरा में सात दुकान के पास मंगलवार रात देशी कलारी के पास सो रहे एक युवक को मेट्रो प्रोजेक्ट में लगी हाइड्रा क्रेन ने कुचल दिया। पहिया सिर पर से गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। तलाशी के दौरान मृत युवक के पास से ऐसा कुछ भी नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शिनाख्त कराने के लिए शव हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है।

निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी कि सात दुकान के पास देशी कलारी से कुछ दूरी पर हादसा हो गया है।

पत्नी के सिर, चेहरे पर किए ब्लेड से वार, पति गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बैरागढ़ थाना इलाके में बुधवार सुबह एक युवक ने अपनी पत्नी के सिर और चेहरे पर ब्लेड से कई वार कर दिए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला की गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस ने जानलेवा हमले का अपराध दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पति-पत्नी के बीच चरित्र शंका को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। मामला तलाक की नौबत तक जा पहुंचा था। बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि सेवा सदन के पास 26 वर्षीय दिव्या पत्नी प्रदीप यादव रहती है। प्रदीप निजी काम करता है। पति-पत्नी के बीचे लगभग रोज ही विवाद होता रहता था।

चरित्र शंका को लेकर लगातार कलह होने से मामला तलाक तक जा पहुंचा था। इसी मुद्दे पर बुधवार सुबह 11 बजे भी दोनों में झगड़ा होने लगा। इस दौरान प्रदीप ने ब्लेड से पत्नी के चेहरे एवं सिर पर कई वार कर दिए। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल हो गई दिव्या को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

पर्यावरणविदों ने नदी के दोनों ओर 250 मीटर संरक्षण क्षेत्र बनाने की मांग की, 60 मीटर चौड़ी सड़क से हजारों पेड़ों पर खतरे का दावा

भोपाल मास्टर प्लान-2047 पर आपत्तियाँ, केरवा नदी संरक्षण और जंगल से प्रस्तावित सड़क का विरोध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल मास्टर प्लान-2047 के प्रारूप पर बुधवार को हुई सुनवाई में केरवा नदी के संरक्षण, जंगल से प्रस्तावित सड़क और बावड़ियाकलां में सड़क का मार्ग बदलने को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गईं। पर्यावरणविदों और स्थानीय नागरिकों ने प्रस्तावित विकास कार्यों के पर्यावरणीय प्रभाव और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रारूप में संशोधन की मांग की। पर्यावरणविद् राशिद नूर ने केरवा नदी के संरक्षण को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि मास्टर प्लान के नक्शे में नदी को सामान्य रेखा के रूप में दिखाया गया है। इसमें नदी का संरक्षण क्षेत्र, जलग्रहण क्षेत्र और प्रभाव क्षेत्र स्पष्ट नहीं किए गए हैं। केरवा बांध को पानी देने वाली छोटी सहायक धाराओं और बरसाती नालों को भी नक्शे में नहीं दर्शाया गया है। इससे इन जल स्रोतों पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने मांग की कि केरवा बांध के जलग्रहण क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया जाए और नदी के दोनों ओर कम से कम 250 मीटर का संरक्षण क्षेत्र निर्धारित किया जाए। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश पर बांध के पूर्ण जलस्तर की वास्तविक स्थिति जांचने के लिए ड्रोन और उपग्रह सर्वे चल रहा है। सर्वे के अंतिम परिणाम आने तक क्षेत्र का भूमि उपयोग निर्धारित नहीं करने की मांग भी की गई।



जंगल से 60 मीटर चौड़ी सड़क पर आपत्तिः संजीव सक्सेना ने अकबरपुर से चंदनपुरा होते हुए मेंडोरी तक प्रस्तावित 60 मीटर चौड़ी सड़क को मास्टर प्लान से हटाने की मांग की। उनका कहना है कि प्रस्तावित मार्ग संरक्षित वन क्षेत्र और बाघों के आवागमन वाले क्षेत्र से गुजरता है। सड़क निर्माण से चार से पांच हजार पेड़ों के कटने की आशंका है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्षेत्र में पहले से सड़क उपलब्ध होने के बावजूद इतनी चौड़ी सड़क क्यों प्रस्तावित की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क से कुछ प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने की आशंका है। इस क्षेत्र में न्यायालय का स्थगन आदेश होने और राष्ट्रीय हरित अधिकरण की आपत्ति का भी हवाला दिया गया।

बावड़ियाकलां में सड़क मार्ग बदलने का विरोधः बावड़ियाकलां निवासी अमित वाधवानी ने 2005 के मास्टर प्लान में दर्ज 80 फीट चौड़ी सड़क का मार्ग नए प्रारूप में बदलने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पुराने मार्ग के आधार पर निर्माण अनुमतियां दी गई थीं। मार्ग बदलने से क्षेत्र के रहवासियों को परेशानी होगी। उन्होंने पुराने मार्ग को यथावत रखने और मास्टर प्लान में संशोधन की मांग की।

जलापूर्ति का ठेका निजी कंपनी को देने का विरोध

निगम आयुक्त से मिले पार्षद, बोले- परिषद की मंजूरी के बिना लिया निर्णय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर की कॉलोनियों में जलापूर्ति, जलकर वसूली और पाइपलाइन रखरखाव की जिम्मेदारी निजी कंपनी को सौंपने के नगर निगम के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से मुलाकात कर निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराई और इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने आरोप लगाया कि नगर निगम की महापौर परिषद ने बंद कमरे में फैसला लिया, जबकि प्रस्ताव नगर निगम परिषद में प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सेवाएं देने वाली कंपनी को जलापूर्ति जैसी मूलभूत नागरिक सेवा सौंपना समझ से परे है। परिषद से मंजूरी लिए बिना नीति में बदलाव करना अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

गजानंद सिक्युरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड को शहर की ऐसी



कॉलोनियों और संस्थानों में जलापूर्ति व्यवस्था, जलकर वसूली तथा पाइपलाइन के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी देने के आदेश जारी किए गए हैं, जहां 101 से 250 आवास हैं और बल्क कनेक्शन उपलब्ध हैं। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम लगभग 250 रुपये प्रतिमाह जल प्रभार लेता है, जबकि निजी कंपनी रहवासियों से 700 रुपये तक वसूल सकती है। नई व्यवस्था में निगम कंपनी को 17 रुपये प्रति हजार लीटर पानी देगा, जबकि कंपनी रहवासियों से 20 से 22 रुपये प्रति हजार लीटर वसूलेगी। कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, अजीजउद्दीन, अशोक मारण और देवांशु कंसाना ने भी फैसले पर आपत्ति जताई।

आयुक्त अहिरवार ने जलकार्य अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग को तलब कर मामले की जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि रहवासियों की सहमति होने पर ही व्यवस्था लागू की जाएगी। शहर की 829 कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन हैं। इनसे निगम को सालाना लगभग 35 से 40 करोड़ रुपये की आय होती है।

आयुष स्नातक स्ट्रे वैकेंसी राउंड-2 का संशोधित कार्यक्रम जारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश संचालनालय आयुष ने बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस एवं बीएनवाईएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्नातक स्ट्रे वैकेंसी राउंड-2 (स्टेट कोटा) का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। संशोधित समय-सारणी से प्रवेश प्रक्रिया में शामिल पात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर मिला है। कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 25 नवंबर शाम 6 बजे से 26 नवंबर रात 11:59 बजे तक चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग कर सकेंगे। 26 नवंबर को मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 27 और 28 नवंबर को अभ्यर्थियों को संबंधित महाविद्यालयों में रिपोर्टिंग करनी होगी। 29 नवंबर को मेरिट सूची और जियो-टैग ऐप के माध्यम से उपस्थिति के आधार पर अस्थायी प्रवेश दिए जाएंगे। डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समयसीमा में चॉइस फिलिंग पूरी करने और महाविद्यालयों में समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

एमवीएम में अंतरमहाविद्यालयीन कोलाज प्रतियोगिता हमीदिया कॉलेज के मलयज सांगड़े प्रथम स्थान पर

भोपाल के नौ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, जोया हसन को मिला तीसरा स्थान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) में बुधवार को अंतरमहाविद्यालयीन कोलाज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भोपाल के नौ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने प्रभारी प्राध्यापकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक जितेंद्र शर्मा, अंजिता कुशवाहा और डॉ. अंकिता जैन ने प्रतिभागियों को नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी ने अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। युवा उत्सव समिति की सह-संयोजक डॉ. सुमन अग्रवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला समन्वयक डॉ. रोली शुक्ला ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में हमीदिया महाविद्यालय के मलयज सांगड़े ने प्रथम, सैम ग्लोबल की राधा सक्सेना ने द्वितीय और एमवीएम की जोया हसन ने तृतीय स्थान प्रा किया। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की अनुश्री नामदेव को सांत्वना पुरस्कार मिला।

आयोजन *उच्च शिक्षा एवं उत्कृष्टता संस्थान में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद एवं वाग्मिता प्रतियोगिताएं संपन्न...*

वाद-विवाद स्पर्धा से युवाओं में विकसित होती है अंतर्निहित क्षमता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान,भोपाल में युवा उत्सव के अंतर्गत बुधवार को अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद तथा वाग्मिता प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। दोनों विधाओं का माध्यम अंग्रेज़ी रहा। प्रत्येक विधा में कुल 11-11 टीमों ने भाग लिया। विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे टीम मैनेजर सहित विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा से हुआ। संस्थान की युवा उत्सव प्रभारी एवं प्रभारी संचालक डॉ. शैलजा दुबे ने अपने



उद्बोधन में कहा कि इन विधाओं के माध्यम से युवा जीवन जीने की कला सीखता है तथा अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को विकसित कर सकता है। निर्णायक मंडल में विभिन्न उच्च पदों पर आसीन विद्वान निर्णायक शामिल थे। निर्णायकों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विद्यार्थियों को उन कलाओं के बारे में बताया, जिनके माध्यम से इन विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। सम्पूर्ण युवा उत्सव पूर्ण गरिमामय ढंग से संस्थान में आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने अपने तर्क, वाक्पटुता और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

परिणाम इस प्रकार रहे

वाग्मिता प्रतियोगिता

प्रथम स्थान – अनुष्का बर्दिया
द्वितीय स्थान – तन्मय वाडिया
तृतीय स्थान – मुस्कान पांडे

वाद-विवाद प्रतियोगिता (पक्ष)

प्रथम स्थान – दीप्ति
द्वितीय स्थान – जयंत
तृतीय स्थान – प्रज्ञा सिंह

वाद-विवाद प्रतियोगिता (विपक्ष)

प्रथम स्थान – अनुष्का बर्दिया
द्वितीय स्थान – तन्मय वाडिया
तृतीय स्थान – मुस्कान पांडे